# University in News on 05 November 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### नवीन परिसर में प्रो. अहमद फिर बने एडिशनल प्रॉक्टर

**मुख्य परिसर में प्रो. रोली मिश्रा को कमान**

लखनऊ। लविवि में विधि संकाय के प्रोफेसर अहमद को एक बार फिर से नवीन परिसर के अपर कुलानुशासक की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि मुख्य परिसर में प्रोफेसर रोली मिश्रा को अपर कुलानुशासक बनाया गया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सोमवार को पत्र जारी कर इस संबंध में जानकारी दी। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र में 24 शिक्षकों को सहायक कुलानुशासक नियुक्त किया गया है। सोशल वर्क विभाग के शिक्षक डॉ. रणविजय सिंह को भी मुख्य परिसर का असिस्टेंट प्रॉक्टर बनाया गया है। जबकि अन्य 23 शिक्षकों को नवीन परिसर का असिस्टेंट प्रॉक्टर बनाया गया है। इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि में आठ शिक्षक बने असिस्टेंट प्राक्टर

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न विभागों के आठ शिक्षकों को नया असिस्टेंट प्राक्टर बनाया है। सोमवार को जारी की गई सूची में द्वितीय परिसर के फार्मास्यूटिकल साइंसेज से डा. शैलेंद्र कुमार सोनकर, डा. प्रनेश कुमार, डा. नम्रता सिंह, विधि संकाय से डा. शशि प्रभा जोशी, डा. भावना, डा. सुशील कुमार, इंजीनियरिंग से डा. ओम प्रकाश सिंह और आइएमएस से डा. निधि सिंह का नाम शामिल है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने मुख्य एवं द्वितीय परिसर के लिए 26 शिक्षकों की सूची जारी की है। प्रोफेसर मो. अहमद द्वितीय परिसर के एडिशनल प्राक्टर बने रहेंगे। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 6

### लविवि में हो रहीं ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों की तैयारियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। विश्वविद्यालय एथेलेटिक एसोसिएशन द्वारा विभिन्न खेलों के ट्रायल मैच का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक खेल में भारी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। ट्रायल मैच में चुने जाने वाले खिलाड़ी ही आगामी नार्थ जोन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रीड़ा परिषद् के महामंत्री प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि पहले घोषित कुछ खेलों के ट्रायल मैचों की तिथियों में बदलाव हुआ है। अब फुटबॉल पुरुष जो कि पहले 7 को होना था, अब वह ट्रायल मैच 18 नवंबर को होगा।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि में ट्रॉयल मैच को लेकर तिथि बदली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में लखनऊ विश्वविद्यालय एथेलेटिक एसोसिएशन की ओर से विभिन्न खेलों के ट्रायल मैच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक खेल में भारी से भारी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। इन ट्रायल मैच में चुने गये खिलाड़ी नार्थ जोन/ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रीड़ा परिषद् के महामंत्री प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि विभिन्न खेलो में पूर्व से घोषित कुछ खेलों के ट्रायल मैचों की तिथियों में बदलाव हुआ है, जिसमें फुटबॉल (मेन) जो कि पूर्व में 07 नवंबर को होना था अब वह ट्रायल मैच 18 नवंबर को होगा एवं हॉकी (मेन और वुमेन) ट्रायल मैच 9 नवंबर को होना था जो कि अब 11 नवंबर को होगा, इसी तरह हैंडबॉल (मेन) का ट्रायल मैच 5 नवंबर को होना था जोकि अब 11 नवंबर को होगा और महिला हैंडबॉल जोकि 6 नवंबर को होना था अब 12 नवंबर को होगा।

### लविवि में प्रो. रोली बनीं एडिशनल प्रॉक्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों परिसरों के 26 शिक्षकों को सोमवार को नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें मुख्य परिसर में इकोनॉमिक्स विभाग की प्रो. रोली मिश्रा को एडिशनल प्रॉक्टर बनाया गया। वहीं, दूसरे परिसर में विधि विभाग के मो. अहमद को एडिशनल प्रॉक्टर बनाया गया है। इसी तरह दूसरे परिसर के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को सहायक प्रॉक्टर बनाये गये हैं।

## TOI PAGE 2

### LU reschedules trials of sports

The Lucknow University Athletic Association is organising trial matches across various sports. Selected athletes will represent LU in North Zone and All India University Games. According to Ajay Kumar Arya, secretary of the sports council, some trial dates have been rescheduled. The football (men) trials, originally scheduled for Nov 7, will now take place on Nov 18. The hockey (men and women) trials, previously set for Nov 9, have been moved to Nov 11. Similarly, the handball (men) trials will now be held on Nov 11, instead of Nov 5 while women's handball trials have been shifted from Nov 6 to Nov 12. TNN

## i-NEXT PAGE 4

### कई खेलों के ट्रायल मैच की डेट बदली

एलयू में चल रहे विभिन्न खेलों के ट्रायल मैच की तिथियों में बदलाव किया गया है. एलयू एथलेटिक एसोसिएशन के महामंत्री प्रोफेसर अजय कुमार आर्या ने बताया कि हैंडबाल (पुरुष) का ट्रायल मैच अब पांच नवंबर के स्थान 11 नवंबर को होगा. छह नवंबर को होने वाला महिला हैंडबाल 12 नवंबर को होगा. इसी तरह सात नवंबर को प्रस्तावित फुटबाल (पुरुष) का ट्रायल मैच अब 18 नवंबर और हाकी (महिला व पुरुष) ट्रायल मैच नौ नवंबर के स्थान पर 11 नवंबर को होगा.

### असिस्टेंट प्रोफेसर बने डा. शोभा राम दुबे

लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत और प्राकृत भाषा विभाग में डा. शोभा राम दुबे असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त हुए हैं. वर्ष 2005 में उन्होंने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी. इसी विभाग में प्रो. अरुणा शुक्ला के निर्देशन में पीएचडी की उपाधि ली थी. यह सिविल डिफेंस हजरतगंज के डिप्टी पोस्ट वार्डन भी हैं.